POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 31.03.2025

थाना सेक्टर-24 पुलिस व बदमाश के बीच हुयी पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में--

घटना व कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **31.03.2025** की रात्रि में थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा चौकी हरिदर्शन क्षेत्र सेक्टर-11 मदर डेरी के पास चौराहे पर बैरियर लगाकर आने जाने वाले वाहनो की चैकिंग की जा रही थी कि तभी सेक्टर-56 टी पोईन्ट की तरफ सामने से एक मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया, जिसको संदिग्ध प्रतीत होने पर रुकने का इशारा किया लेकिन वह नहीं रूका और मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। जिसपर शक होने पर पुलिस बल द्वारा मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति का पीछा किया गया जिसमें संदिग्ध मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति डिस्बैलेंस होकर वहीं गिर गया और मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति द्वारा अपने साथ लिए अवैध तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में बदमाश पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। जिसकी पहचान सौहन सिंह उर्फ सोनू पुत्र अवतार सिंह निवासी 5/216 त्रिलोकपुरी थाना कल्याणपुरी दिल्ली, उम्र 36 वर्ष के रूप में हुयी। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक मोटर साईकिल (घटनाओ में प्रयुक्त), एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस .315 बोर, एक जिन्दा कारतूस .315 बोर व कुल 8500 रुपये नगद तथा छीने गये कुल 05 मोबाईल फोन मल्टीमीडिया बरामद हुए है। गिरफ्तार घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध एक दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत है व अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी व अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0 143/2025 धारा 109/317(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर 24 नोएडा गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0सं0 515/2024 धारा 304 बीएनएस थाना सेक्टर 24 नोएडा गौतमबुद्धनगर
3. मु0अ0सं0 183/2018 धारा 379/411 भादवि थाना सेक्टर 20 नोएडा गौतमबुद्धनगर
4. मु0अ0सं0 131/2018 धारा 307 भादवि थाना सेक्टर 58 नोएडा गौतमबुद्धनगर
5. मु0अ0सं0 133/2018 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर 58 नोएडा गौतमबुद्धनगर
6. मु0अ0सं0 372/2018 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सेक्टर 58 नोएडा गौतमबुद्धनगर
7. मु0अ0सं0 387/2009 धारा 279 भादवि थाना पाण्डव नगर पूर्वी दिल्ली
8. मु0अ0सं0 10531/2015 धारा 379 भादवि थाना तिमारपुर उत्तरी दिल्ली

9. मु0अ0सं0 011/2017 धारा 356/379 भादवि थाना कल्याणपुरी पूर्वी दिल्ली
10. मु0अ0सं0 010/2017 धारा 356/379/411/34 भादवि थाना कल्याणपुरी पूर्वी दिल्ली
11. मु0अ0सं0 384/2022 धारा 356/379/411 भादवि थाना पटपडगंज इण्डस्ट्रियल एरिया पूर्वी दिल्ली
12. मु0अ0सं0 10531/2015 धारा 379 भादवि थाना तिमारपुर उत्तरी दिल्ली
13. मु0अ0सं0 011/2017 धारा 356/379/411/34 भादवि थाना कल्याणपुरी पूर्वी दिल्ली
14. मु0अ0सं0 010/2017 धारा 356/379/411/34 भादवि थाना कल्याणपुरी पूर्वी दिल्ली
15. मु0अ0सं0 161/2023 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट थाना कल्याणपुरी पूर्वी दिल्ली
16. मु0अ0सं0 384/2022 धारा 356/379/411 भादवि थाना पटपडगंज इण्डस्ट्रियल एरिया पूर्वी दिल्ली